समाचार संक्षेप

शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा 21 व 28 जनवरी को

जगदलपुर,06 दिसम्बर (सन्यूस)। शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद छत्तीसगढ़ की आगामी परीक्षा 21 जनवरी 2018 एवं 28 जनवरी 2018 को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 16 दिसंबर को है। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर में शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा फॉर्म जमा किया जा रहा है। जो भी प्रतिभागी हैं निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

आधार कार्ड सुधार के लिए अधिक राशि लेने पर दो संचालकों पर लगा 50-50 हजार रुपए का जुर्माना

जगदलपुर, 06 दिसम्बर (सन्यूस)। आधार कार्ड में सुधार के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेने पर दो संचालकों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना कलेक्टर धनंजय देवांगन द्वारा लगाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों द्वारा आईसेक्ट आधार पंजीयन केन्द्र जगदलपुर के संचालक श्री दिनेश ठाकुर और जगदलपुर में अग्रसेन चौक पर संचालित जय मां कम्प्यूटर आधार पंजीयन केन्द्र के संचालक इंद्रजीत सिंह राजपूत के विरुद्ध आधार संशोधन के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लिए जाने की शिकायत की गई थी। शिकायत पर की गई जांच तथा संचालक द्वारा संतोषप्रद स्पष्टीकरण नहीं दिए जाने के कारण इन दोनों संचालकों पर जुर्माने की यह कार्यवाही की गई।

नए टाईम टेबल का राज्य कर्मचारी संघ ने किया विरोध

जगदलपुर, 06 दिसम्बर (सन्यूस)। शिक्षाकर्मियो के 15 दिवसीय हड़ताल के बाद कोर्स पुरा कराने के लिए विद्यालयो की नई समय सारणी सुबह 9.30 से शाम 4.30 बजे तक कर दी गई है। इसका विरोध शुरू हो गया है। राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा है कि शिक्षाकर्मियो के हड़ताल का खामियाजा नियमित शिक्षक क्यो भुगते। हमने स्कूल को बंद होने नही दिया और न पढ़ाई प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य शिक्षा सचिव द्वारा जारी नए टाईम टेबल नियमित शिक्षको को शामिल नही करे। विषय पूरा नही कराने वाले शिक्षाकर्मियो को आदेश जारी कर इसमें शामिल किया जाए।

छटवीं से नवमीं के विद्यार्थियों को डाक विभाग देगा स्कॉलरशिप

जगदलपुर, 06 दिसम्बर (सन्यूस)। भारतीय डाक विभाग के द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों के लिए दीनदयाल स्पर्श फ्सिाटेली स्कॉलरशिप योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत छात्रवृति की राशि मान्यता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा छटवीं से नौवीं तक के विद्यार्थियों को तिमाही आधार पर वितरित की जाएगी। छात्रवृत्ति पाउता की शर्तें पूरी करने वाले और चयन प्रक्रिया में सफल होने पर ही राशि प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति की राशि 500 प्रतिमाह की दर से 6000 प्रतिवर्ष होगी। छात्रवृत्ति के लिए चयन 1 वर्ष के लिए किया जाएगा। उम्मीदवार भारत में मान्यता प्राप्त विद्यालय का विद्यार्थी होना चाहिए। संबंधित विद्यालय का फिलाटेली क्लब होना चाहिए और उम्मीदवार क्लब का सदस्य होना चाहिए। संबंधित विद्यालय का फि लाटेली क्लब नहीं है तो उस विद्यालय के ऐसे विद्यार्थियों जिसका नाम फि लाटेली जमा खाता है के नाम पर भी विचार किया जा सकता है। उम्मीदवार का शैक्षणिक रिकॉर्ड अच्छा होना चाहिए। विगत अंतिम परीक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक अथवा समकक्ष अंक प्राप्त किए हो। अनुसूचित जाति जनजाति के उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। आवेदन पत्र भेजने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2017 आवेदन पत्र सहायक निदेशक फिलाटेली कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल छत्तीसगढ़ पर मंडल रायपुर के नाम भेजा जाना है। आवेदन पत्र प्रधान डाकघर जगदलपुर कानपुर डाकघर द्वारा गांव मिर्जापुर नारायणपुर से प्राप्त किया जा सकता है । उक्त जानकारी बस्तर संभाग जगदलपुर डाकघर के अधीक्षक ने दी है।

युवा उत्सव की बदइन्तजामी की वजह से बस्तर की छवि धूमिल हुई-आर्य

जगदलपुर, 06 दिसंबर(सन्यूस)। राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन में बदइन्तजामी, पक्षपात और युवाओं की उपेक्षा को लेकर आम आदमी पार्टी ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष रोहित सिंह आर्य ने कहा कि जगदलपुर में आयोजित युवा उत्सव में हुये अव्यवस्था कि वजह से पूरा बस्तर शर्मसार हुआ है ह्य इस आयोजन के शुरुआत से लेकर अंत तक विवाद ही जुड़ा रहा है । दूरदराज से आये युवाओं में आयोजन को लेकर काफी रोष दिखा। जाते जाते कई युवाओं ने बस्तर कभी ना आने की बात भी कही। आर्य ने कहा युवा उत्सव के पुरे आयोजन में हुये बड़े भ्रष्टाचार को भी नाकारा नही जा सकता । जैसा की बताया गया कि राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए लाखों का बजट था पर धरातल में उसका आधा भी नही दिखाई दिया ।

जनजातीय आयोग के संयुक्त सचिव ने की आदिवासियों पर अत्याचार के आरोपों की जांच

आदिवासियों को सुरक्षा प्रदान करना आयोग का दायित्व-रथ

जगदलपुर, 06 दिसम्बर (सन्यूस)। राष्ट्रीय जनजातीय आयोग के संयुक्त सचिव एसके रथ ने बस्तर दौरे पर पहुंचकर आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार की शिकायत के संबंध में जानकारी हासिल किया। इस दौरान वे दन्तेवाड़ा के आश्रम स्कूल का दौरा किया। जिसमें कुछ कमियां नजर आई। सेन्ट्रल जेल का भी अवलोकन किया। उनके समक्ष मुख्य दो प्रकरण आये। प्रथम बुरगुम में बच्चों को पुलिसबल ने मार गिराया था। इस घटना की न्यायिक जांच चल रही है जिसे शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट सौपने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी और दूसरा पुसपाल से कावापाल रोड निर्माण के संबंध में 52 आदिवासियों को जेल भेजा गया था। उक्त संबंध में रिपोर्ट मांगी गई है। उक्त बाते उन्होंने कलेक्ट्रेट के आस्थाकक्ष में

पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही।

उन्होंने फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर आरक्षित पदों पर नौकरी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के संबंध में पूछे गये प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि विशेष तौर पर इस तरह की कोई शिकायत आयोग को प्राप्त नहीं हुई है प्राप्त होने पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने यह भी बाताया कि 14 राज्यों से इस तरह की शिकायते प्राप्त हुई है इनकी जांच हेतु जिला स्तरीय छान बिन समिति गठित की गई है। बस्तर में छानबिन समिति में अपर कलेक्टर हीरालाल नायक और आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त गायत्री नेताम शामिल हैं। इनके द्वार जांच की जायेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि आयोग सर्वप्रथम मामले की जांच रिपोर्ट पीडित पक्ष को सुनाती है। यदि उससे पीड़ित पक्ष संतुष्ट न हो तो आगे की कार्यवाही भी आयोग के द्वारा की जाती है। आयोग का मुख्य उदेश्य अनुसूचित जनजाति को सुरक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ रितेश अग्रवाल, अपर कलेक्टर हीरालाल नायक एवं अन्य उपस्थित थे।

250 किलो अवैध गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

मिनी बस में कर रहे थे परिवहन

भानपुरी, 06 दिसंबर (सन्यूस)। भानपुरी पुलिस को एक मिनी बस से 250 किलो कीमती करीब 12,50,000 रुपए का मादक पदार्थ गांजा अवैध रूप से अपने वाहन में परिवहन करते हुए आरोपी विक्की कुमार व कामेश्वर यादव गिरफ्तार किया गया।

बस्तर पुलिस अधीक्षक आरिफ एच शेख अति पुलिस अधीक्षक लखन पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भानपुरी राकेश कुर्रे के दिशा निर्देश पर चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत 6 दिसंबर को एन एच30 नेशनल हाईवे रोड पर भानपुरी में मुखबिर की सूचना पर नाकेबंदी पॉइंट लगा कर चेकिंग के दौरान भानपुरी पुलिस के द्वारा एक मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 04एल 5309 को चेक करने पर उक्त वाहन में सवार आरोपी विक्की कुमार पिता रमाशंकर जाति क्षत्रिय उम्र 28 वर्ष निवासी करिंदा मुसहरी थाना मुसाफिर चौक छपरा बिहार एवं कामेश्वर यादव पिता जदु राम यादव जाति अहीर उम्र 50 वर्ष निवासी पचेना थाना को लौवर जिला आरा भोजपुर बिहार के कब्जे की गाड़ी की तलाशी करने पर गाड़ी के डाले में बना विशेष प्रकार खाजा में साथ अलग.अलग गोलियों में कुल 250 किलो ग्राम कीमती करीब 12,50, 000 रुपए का मादक पदार्थ गांजा अवैध रूप से अपने वाहन में परिवहन करते पाए जाने पर थाना बानपुर पुलिस द्वारा उपरोक्त अपराधियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई संपूर्ण कार्रवाई में थाना भानपुरी के उप निरीक्षक बीष्पीण् जोशी सहायक उपनिरीक्षक दिलीप ठाकुर एसुभाष सिंह एप्रधान आरक्षक एनिरेश मेश्राम एआर यशवंत ठाकुर एसंदीप सलामए दिनूराम ठाकुर एतुलाराम कश्यपए लक्ष्मण नागवंशी एपुष्कर तिवारीए यशुराम एवेद प्रेम वर्मा आदि सम्मिलित रहे।

958 किलो गांजे को नष्ट किया गया

जगदलपुर, 06 दिसम्बर (सन्यूस)। जिले में इस वर्ष पुलिस द्वारा दो बार पकड़े गए गांजे की खेप को नष्ट किया है। विदित हो की इससे पूर्व जून माह में 950 किलो गांजे को करकापाल के खुले मैदान में गड्ढा खोदकर जलाया गया था जिसके बाद बुधवार की दोपहर पुनः 958 किलो गांजे को नष्ट किया गया है। पूरे प्रक्रिया की पुष्टि करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने बताया कि बुधवार की दोपहर ग्राम करकापाल के खुले मैदान में 958 किलो गांजे को पुलिस द्वारा नष्ट किया गया है। जिसमें दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में पकड़ा हुआ गांजा भी शामिल है। इस दौरान मौजूद नगर पुलिस अधीक्षक निमेश बरैय्या ने कहा कि समय समय पर पुलिस द्वारा ऐसी कार्यवाही की जाती है। थानों में काफी समय से रखे गांजे को उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में नष्ट किया जाता है। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों सहित नायब तहसीलदार आरपी बघेल, पर्यावरण विभाग के अधिकारीऔर अन्य जन मौजूद थे।

बहुजन समाज पार्टी ने डॉ अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि

जगदलपुर, 06 दिसम्बर (सन्यूस)। बहुजन समाज पार्टी द्वारा बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के पुण्यतिथि पर स्थानीय संजय बाजार के समक्ष सभा आयोजित कर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी श्री पोयाम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान का निर्माण कर देश को गणतंत्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े व गरीबों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके संघर्ष का ही परिणाम है कि दलित व पिछड़ा वर्ग आज समाज में समानता के साथ खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि उनके दिखाये मार्ग पर चलकर समाज एवं गरीबों के उत्थान के लिए हम सभी को एकजुटता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। सभा को बहुजन समाज पार्टी के अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया और बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर के द्वारा दलित समाज के उत्थान के लिए किये गये कार्यों की तारिफ करते हुए उन्हें दलितों एवं गरीबों का उद्धारकर्ता बताया। इस अवसर पर बस्तर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित थे।

लोहंडीगुड़ा मंडल में हुई महिला मोर्चा की बैठक

जगदलपुर,0 6 दिसम्बर (सन्यूस)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की बैठक लोहंडीगुड़ा में हुई। बैठक में महिला सशक्तिकरण पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं को योजनाओं व उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। वहीं चौथी बार सरकार बनाने के लिये रणनीति तैयार की गई।

खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश

जगदलपुर, 06 दिसम्बर (सन्यूस)। कमिश्नर दिलीप वासनीकर ने संभाग के सभी जिलों के खनिज अधिकारियों की कमिश्नर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित संभागस्तरीय बैठक में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कमिश्नर श्री वासनीकर द्वारा खनिज विभाग की गतिविधियों की जिलेवार समीक्षा की गई।

कमिश्नर ने बैठक में उपस्थित सभी खनिज अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खनिज विभाग राजस्व स्त्रोत के लिये शासन का महत्वपूर्ण विभाग है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित राजस्व आय की पूर्ति वित्तीय वर्ष समाप्ति पूर्व करना सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने जिलों में संचालित रेत खदानों में विभागीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने के भी निर्देश दिये। जिससे रेत खदानों से होने वाले अनियमितता संबंधी शिकायतों में कमी आ सके। उन्होंने कहा कि खनिज राजस्व के बकाया प्रकरणों पर यथाशीघ्र वसूली की कार्यवाही तथा जिले में स्वीकृत मुख्य गौण खनिज के खदानों को पर्यावरण सम्मति के लिये विभाग प्राथमिकता पर स्वीकृत के लिये प्रयास करे ताकि पर्यावरण सम्मति के अभाव में शासन को मिलने वाली रायल्टी की क्षति न हो।

श्री वासनीकर ने विभाग के अधिकारियों को खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर नियंत्रण रखने हेतु क्षेत्र का भ्रमण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कांग्रेसियों ने याद किया अम्बेडकर को

जगदलपुर,6 दिसम्बर (सन्यूस)। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन में बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी महापरिनिर्वाण दिवस पर विशेष सभा का आयोजन कर उनके जीवन पर चर्चा कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सतपाल शर्मा, वारिस रिजवी, रेखचन्द जैन,अनवर खान, अमर नाथ सिंह,योगेश पानीग्राही, एम वैकण्ट राव, बालेश दुबे, छवि श्याम तिवारी, सफिरा साहू, पापिया गाईन, नरेंद्र तिवारी एवं गायत्री उपस्थित रहे।

निःशुल्क उद्यमिता विकास कार्यक्रम 13 से

जगदलपुर, 06 दिसम्बर (सन्यूस)। छत्तीसगढ़ इंडस्ट्रियल एण्ड टेक्निकल कन्सल्टेन्सी सेंटर रायपुर द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर के सहयोग से युवाओं को लघु उद्योग स्थापना हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एक माह अवधि के उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन 13 दिसम्बर से जगदलपुर में किया जा रहा है। सिटकॉन के राज्य प्रमुख ने बताया कि उद्यमिता कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उद्योग की स्थापना में सहायक शासकीय एवं वित्तीय सहायताओं की जानकारी देना, मनोवैज्ञानिक विधियों द्वारा व्यक्तित्व विकास, चयनित उद्योग में आवश्यक मशीन एवं उपकरणों की जानकारी आदि प्रदान करना है।

वेतन रोके जाने के खिलाफ ननि कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

जगदलपुर, 06 दिसम्बर (सन्यूस)। दो माह का वेतन रोके जाने से नाराज नगर निगम के राजस्व विभाग के प्रभारी राजस्व अधिकारी सहित 48 वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षकों ने आज सुबह हड़ताल कर दी। इस बीच जनप्रतिनिधियों और आयुक्त के हस्तक्षेप से हंगामा शांत हुआ।

इस सम्बन्ध में स्वायत्वशासी कर्मचारी महासंघ के बस्तर जिला अध्यक्ष अनिल पिछड़े ने बताया कि एक बैठक के दौरान आयुक्त द्वारा राजस्व की वसूली कम होने का हवाला देते हुए प्रभारी राजस्व अधिकारी समेत 48 वार्डों के सहायक राजस्व निरीक्षकों का अक्टूबर और नवम्बर माह का वेतन रोका गया है जिस पर रुष्ट कर्मचारियों ने आज सुबह हड़ताल कर दिया। इसके अलावा श्री पिछड़े ने बताया कि प्रत्येक सहायक राजस्व निरीक्षकों के पास जरुरत से ज्यादा प्रभार दिए जाने के कारण राजस्व की वसूली कम हो पा रही है। इस पूरे मामले में महापौर जतिन जायसवाल ने बताया कि राज्य शासन द्वारा

60 प्रतिशत वसूली का आदेश पारित किया गया था। बावजूद राजस्व विभाग के कर्मचारियों को 30 प्रतिशत ही लक्ष्य दिया गया। इसके उपरांत भी 30 प्रतिशत से कम वसूली की गयी। जिस पर वेतन रोके जाने की कार्यवाही की गयी। एक से अधिक प्रभार दिए जाने के सवाल पर उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की कमी के चलते सभी के पास एक से ज्यादा प्रभार है और सभी को समान प्रभार दिया गया है। पूरे मामले को देखते हुए अक्टूबर माह का वेतन निकाला जा रहा है। इस माह दस तारीख की समीक्षा बैठक के बाद जिसकी वसूली 30 प्रतिशत से कम होगी उसके वेतन रोके जायेंगे। अन्य के जारी होंगे। नेता प्रतिपक्ष संजय पाण्डेय ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा है की निगम प्रशासन इन सहायक राजस्व निरीक्षकों के वेतन के विषय में नहीं सोच रही है वरन इनसे दो गुना प्रभार देकर मानसिक रूप से परेशान कर रही है। जिसके चलते ये अपने मूल काम राजस्व वसूली नहीं कर पा रहे हैं।

मेजबान टीम को कुम्हारपारा ने दी मात

कोंडागांव ने आईसीसी कों हराया

जगदलपुर,06 दिसंबर (सन्यूस)(ट्वीस्टर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित वाईट ड्युस बाल नॉक आँउट प्रतियोगिता में 6 दिसंबर को दो मैच खेला गया दोनो मैच दर्शको के लिए रोमांचक रहा। पहला मैच कोंडागांव और आईसीसी के बीज खेला गया। वही दूसरा मैच ट्वीस्टर क्लब और कुम्हारपारा के साथ में खेला गया। पहला मैच में कोंडागांव ने जीत दर्ज किया। वही दूसरा मैच में ट्वीस्टर क्लब को कुम्हारपारा टीम ने आसानी से हराया।



नगर के लालबाग मैदान में चल रहा ड्युस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में आईसीसी टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 20 ओवर में मात्र 72 रन बनाकर पुरी टीम आउट हो गए । गुरुनाथ ने 23 और राजेश के 14 रन का योगदान रहा। कोंडागांव के नितेश ने 4 ओवर में 4 विकेट और अवधेश ने 3 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोंडागांव की टीम ने 16ण्2 ओवर में जीत हासिल कर लिए। दूसरा मैच में ट्वीस्टर क्लब और कुम्हारपारा के बीज हुआ । पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान ट्वीस्टर क्लब के खिलाडियो ने 122 रन बनाए। मोनु ने 42 और सुरज ने 29 रन की महत्वपूर्ण योगदान रहा । लक्ष्य का पीछा करते हुए कुम्हारपारा टीम 17 ओवर में पुरा कर जीत दर्ज कर की। हर्ष ने 45 रन और धीरज ने 26 रन बनाए।